


एक नजर में

## संत के सानिध्य में 6 जुलाई को निकलेगी स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा



**उज्जैन।** प्रदेश के उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील में श्री स्वर्णगिरी पर्वत की प्रतिमाह निकलने वाली परिक्रमा 6 जुलाई रविवार को निकलेगी।महिदपुर तहसील के नारायणा धाम से पश्चिम दिशा में 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता के साक्षी अवंतिका के गिरिराज श्री स्वर्णगिरी पर्वत की परिक्रमा ग्राम चिरमिया स्थित मुखारविंद से प्रतिमाह अनुसार इस माह भी देव शयनी एकादशी के पावन पर्व पर 6 जुलाई रविवार को प्रात: 9 बजे प्रारंभ होगी। इस बार परिक्रमा में श्री श्री 1008 संत रामकृपालदास महाराज श्री राम जन्मभूमि अयोध्या उत्तर प्रदेश से भक्तों के साथ परिक्रमा में सम्मिलित होंगे। परिक्रमा निकालने के पूर्व भगवान स्वर्णगिरी महाराज के मुखारविंद पर दुग्धाभिषेक एवं महाआरती होगी। परिक्रमा श्री वीर हनुमान मंदिर, आक्याधांगा श्री बालाजी धाम महू श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुन: स्वर्णगिरी धाम ग्राम चरणमया चिरमिया पहुंचेगी। स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा का पौराणिक महत्व यह है कि भगवान श्री कृष्ण और सुदामा उज्जैन सांदीपनि आश्रम की परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरु माता के आदेश अनुसार इसी पर्वत पर लकड़ियां लेने आए थे इनके चरण पड़ने के कारण यह स्वर्ण के हो गए थे इस कारण इन्हें स्वर्णगिरी कहते हैं भगवान श्री कृष्ण की चरणरज इस पर्वत में समाहित हैं इस धार्मिक महत्व के चलते हैं संतजन और भक्तजन इस पर्वत की परिक्रमा करते हैं। श्री स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को आयोजन में पधारने का अनुरोध किया है।

## सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण युवाओं ने किया चिकित्सकों का सम्मान




**नागदा।** श्री सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज के युवाओं ने चिकित्सक दिवस के अवसर पर शहर के चिकित्सा सेवा देने वाले डॉक्टर का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। युवा अध्यक्ष अजय पण्ड्या ने बताया प्रतिवर्ष युवा संगठन द्वारा नगर वासियों को स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सा की अमूल्य सेवा प्रदान करने वाले नगर के डॉक्टरों का सम्मान किया जाता है। मंगलवार को समाज के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप रावल, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. रमेश रावल, डॉ. कैलाश जोशी, डॉ. हिमांशु दत्त पांडेय, डॉ. विनोद रावल, डॉ. हरीश शर्मा आदि चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर युवा संगठन के सदस्य मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

## सेवा निवृत्त पर नई पहल नई सोच ने दी भावपूर्ण विदाई




**उज्जैन।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूई तहसील घटिया से सेवानिवृत होने पर प्राचार्य कमर अली सर का नई पहल नई सोच सामाजिक संगठन द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सैयद आबिद अली मीर ने कहा कि 40 वर्षों तक आपने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बहुत ही अच्छे से कार्य किया। आज आपके पढ़ाये हुए बच्चे बड़े-बड़े पदों पर हैं, शिक्षा के क्षेत्र में आपको हमेशा याद किया जाएगा। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष शाहिद हाशमी ने बताया कमल अली सर ने शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं सामाजिक क्षेत्र में भी बहुत काम किया है। नई पहल में आप सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में हमेशा आगे रहकर समाज के लिए कुछ ना कुछ करते रहते हैं। इस अवसर पर नई पहल के शकेब बख्तर कुरैशी, डॉ. गुलरेज बबन, एडवोकेट इसराइल खान मंसूरी, बादशाह भाई, जुल्फे अली जाफरी, रब्बानी लाल, रजा खान, सैयद शाहनवाज अली, सैयद उबेद अली, बरकत शेख आदि ने माला शाल श्रीफल पहनाकर सम्मान भी किया।

## डॉ. दिलीवाल बने ऑल इंडिया डेंटल स्टूडेंट एंड सर्जन संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष



**उज्जैन।** उज्जैन शहर के डॉ. हितेश दिल्लीवाल को ऑल इंडिया डेंटल स्टूडेंट एंड सर्जन संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. दिल्लीवाल की नियुक्ति उनकी दंत चिकित्सा के प्रति उत्कृष्ट प्रतिबद्धता और राज्य में दंत चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास को बढ़ाने के उनके निरंतर प्रयासों के सम्मान में की गई।

## माधव कॉलेज में हुआ डॉ. सुरेश मकवाना का सारस्वत सम्मान




**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ सुरेश मकवाणा ने अपने दीर्घ कार्यकाल में वाणिज्य के विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। यह उद्गार प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने डॉ. सुरेश मकवाणा के सारस्वत सम्मान के अवसर पर व्यक्त किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने उन्हें पुष्प हार अर्पित कर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने शाल-श्रीफल से सारस्वत सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. अल्पना दुभाषे, डॉ. ज्योति वेद, डॉ. एलएस गोरसिया, डॉ. दीपक ठाकर, डॉ. सुनील सूर्यवंशी, डॉ. मोहन निमोले, डॉ. चंद्रदीप यादव, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. जीएल खागोडे विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ. अल्पना उपाध्याय ने व्यक्त किया।

## छात्र-छात्राओं के चेहरे पर छाई खुशी की लहर

**उज्जैन।** वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन द्वारा शासकीय हाई स्कूल सुदामा नगर में छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया, जिससे उनके चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य सुनीता मिश्रा ने करते हुए संगठन के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम को संगठन की अध्यक्ष डॉ दीपा आर्य ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर अनीता भिटोरिया, सरोज कछवाय, दिव्या रठा, ममता मानकेरे, रीना हटिया सहित सामाजिक महिलाएं उपस्थित थी। आभार वीणा सिकन्या शिक्षिका ने माना।

# प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में मप्र राष्ट्रीय औसत से आगे : कालूहेड़ा

- डेयरी टेक्नोलॉजी केवल तकनीकी शिक्षा नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और सहकारिता आंदोलन से जुड़ा व्यापक दृष्टिकोण-भारद्वाज



नवभारत न्यूज

**उज्जैन। भारत 1998 से विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश को नेशनल डेयरी कैपिटल बनाया जाए। यह संगोष्ठी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।**

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने इंडियन डेयरी एसोसिएशन पश्चिम क्षेत्र एवं विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश में डेयरी विकास- संभावनाएँ एवं चुनौतियां विषय पर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए मुख्यअतिथि के रूप में उपरोक्त उद्गार व्यक्त किये। आयोजन 44 वर्षों बाद किया जा रहा है जिसमें देशभर के दुग्ध उत्पादकों के साथ कंपनियों, मैनेजमेंट के अलावा तकनीकी क्षेत्रों के विशेषज्ञ इसमे सहभागिता कर रहे हैं।

विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरू प्रो अर्पण भारद्वाज ने संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि, डेयरी टेक्नोलॉजी केवल तकनीकी शिक्षा नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और सहकारिता आंदोलन से जुड़ा व्यापक दृष्टिकोण है। 25 वर्षों बाद मध्यप्रदेश में फिर से डेयरी टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना मुख्यमंत्री मोहन यादव की घोषणा से संभव हुई है। आईडीए (वेस्टज़ोन) के चेयरमैन डॉ. जेबी प्रजापति ने विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधन देते हुए कहा मुख्यमंत्री मोहन यादव का लक्ष्य है कि मध्यप्रदेश को नेशनल डेयरी कैपिटल बनाया जाए। डॉ. प्रजापति ने कहा कि भारत में डेयरी उद्योग की वर्तमान आकार 19,000 बिलियन रुपये है और 2033 तक यह 57,000 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है।

उज्जैन संभागायुक्त संजय गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधन देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य दूध उत्पादन को 10 लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन तक ले जाना है। इसके लिए पशुधन की स्वास्थ्य निगरानी, एग्री बायप्रोडक्ट्स का उपयोग, और वैल्यू एडिशन जैसे उपाय ज़रूरी हैं। गुजरात जैसे राज्यों की तकनीकी प्रणाली को मध्यप्रदेश में भी अपनाया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि,डेयरी टेक्नोलॉजी एक वेलफेयर एजुकेशन है जो किसानों की आय, स्वास्थ्य और सामाजिक स्थायित्व तीनों पर काम करती है। मेरा सपना है कि विक्रम विश्वविद्यालय का डेयरी कॉलेज भारत का सर्वश्रेष्ठ संस्थान बने और मुझे विश्वास है कि यह सपना शीघ्र ही साकार होगा। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश दशोरा और आईडीए (पश्चिम क्षेत्र) के सचिव श्री माधव पाटगांवकर मंचासीन थे।

> कार्यक्रम का उद्घाटन सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना और कुलगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण में देशभर के सहभागिता कर रहे प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, शिक्षाविद, प्रशासक, तकनीकी विशेषज्ञ एवं किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शुभारंभ सत्र के अंत में सचिव आईडीए माधव पाटगांवकर ने सभी अतिथियों, विश्वविद्यालय प्रशासन और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में आगामी दो दिनों में तकनीकी सत्रों में शोधकर्ता, डेयरी विशेषज्ञ, किसान प्रतिनिधि और छात्र संवाद करेंगे।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लैपटॉप राशि वितरण



नवभारत न्यूज

**महिदपुर।शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उमावि महिदपुर में शासन के आदेश अनुसार प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को लेपटॉप हेतु विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम 4 जुलाई को विद्यालय में आयोजित किया गया।** जिसमें कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए 25000/- विद्यार्थी के बैंक खाते में स्थानांतरित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विद्यालय में दिखाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई माली, जनपद पंचायत अध्यक्ष कृष्णा सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह आर्य, पार्षद उमा पांडे, पार्षद हसीना बी मंसूरी, पार्षद कैलाश बगाना,पार्षद जगदीश चंद्र राठौड़, पार्षद फरमान मंसूरी, पार्षद सुदीप चोपड़ा, पार्षद आशा राठौर ,पार्षद तरुणा सोनगरा उपस्थित रहे। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. उदय सिंह चौहान, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य किशोर परमार, मॉडल विद्यालय प्राचार्य रामेश्वर सोनी एवं समस्त स्टाफ ने पुष्प माला के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे। सभी छात्र एवं छात्राओं को स्वल्पाहार वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश कमलकर एवं गोकुल घूंघरवाल ने किया व आभार सुनील दुबे ने व्यक्त किया।



## आंगनवाड़ी के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**महिदपुर। महिला एवं बाल विकास परियोजना महिदपुर 2 झारड़ा एवं स्वास्थ्य विभाग झारड़ा द्वारा संयुक्त रूप से जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ब्रजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम नागगुराड़िया में आयोजित किया गया।** शिविर में ग्राम नागगुराड़िया के आंगनवाड़ी केन्द्र में 0 माह से 6 वर्ष तक के 55 बच्चों का परीक्षण किया गया जिसमे 2 बच्चे सैम एवं 2 बच्चे मैम की श्रेणी में पाए गए तथा शेष 51 बच्चे सामान्य श्रेणी में पाए गए। स्वास्थ्य शिविर में सिविल अस्पताल झारड़ा में पदस्थ डॉ. मंसूर नागौरी तथा डॉ. हर्षा व्यास द्वारा सभी 55 बच्चों का परीक्षण किया गया तथा उपस्थित अभिभावकों को छोटे बच्चों के लालन पालन एवं स्वास्थ्य सुधार में क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए की जानकारी दी गई तथा बच्चों की आवश्यकता अनुसार दवाई मुफ्त में वितरण की गई। स्वास्थ्य शिविर में महिला बाल विकास पर्यवेक्षक पद्मा लोदवाल तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वंदना सोलंकी तथा बच्चो के अभिभावक उपस्थित थे।



## साध्वी श्री सुपार्श्वनिधि का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

नवभारत न्यूज

**खाचरौद। परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्रीमद्विजय जयंतसेनसूरीश्वर के पट्टधर, परम पूज्य गच्छाधिपति श्रीमद्विजय नित्यसेनसूरीश्वर, आचार्य भगवंत श्रीमद्विजय जयरत्नसूरीश्वर एवं पूज्य आज्ञानुवर्ती साध्वी अनंतदृष्टा, साध्वी मयूरकला की सुशिष्या, परम पूज्या साध्वी सुपार्श्वनिधि आदि ठाणा-04 का वर्ष 2025 का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश शुक्रवार को श्री राजेन्द्र सूरी जैन पोषधशाला में अत्यंत उल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ।**

चातुर्मासिक मंगल प्रवेश का आयोजन श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक श्री संघ एवं तपोमय चातुर्मास समिति के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। समिति अध्यक्ष राजेश सेठिया एवं सचिव संदीप मांडोत ने बताया कि प्रवेश के अवसर पर विभिन्न नगरो से पधारे सैकड़ों गुरुभक्तों व नगरवासियों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। चातुर्मास के चार महीनों में धर्म, ध्यान, तपस्या, जप-साधना सहित विविध धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे।

प्रवेश यात्रा का शुभारंभ आदिनाथ मंदिर से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पोषधशाला पहुंची। मार्ग में नगरवासियों द्वारा जगह-जगह तोरणद्वारों, अक्षत की गहुलियों एवं जयकारों के साथ स्वागत किया गया। प्रवेश यात्रा में पुरुष वर्ग ने पारंपरिक सफेद वस्त्र एवं साफा धारण किया, महिलाएं अपने-अपने मंडलों के पारंपरिक परिधानों में प्रवेशयात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। प्रवेशयात्रा में सबसे आगे जैन ध्वज लिए घुड़सवार, मंगल ध्वनियों के साथ बैंड वादक, विविध मंडलों के सदस्य, पार्श्वनाथ प्रभु का रथ, तथा गुरुभक्तों का समूह जिनशासन की जय-जयकार करता हुआ चल रहा था। बैंड की धुन एवं ढोल की थाप पर युवा वर्ग श्रद्धा भाव से झूमते हुए सभी का उत्साह बढ़ा रहे थे।

पोषधशाला में प्रवेश के पश्चात धर्मसभा, गुरुवंदन एवं मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। गुरुवर्या श्री की जिनवाणी श्रवण से पूर्व जिनवाणी की गवली का लाभ अजीत उल्लासमल वागरेचा परिवार ने लिया।

> इस अवसर पर श्री संघ एवं चातुर्मास समिति द्वारा साध्वी सुपार्श्वनिधि को कांबली वोहराई गई। तत्पश्चात श्री मूर्तिपूजक संघ के स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी चातुर्मास समिति द्वारा किया गया। अपने मंगल प्रवचन में साध्वी सुपार्श्वनिधि ने कहा, वर्षावास केवल संतों का ठहराव नहीं, बल्कि श्रावकों के लिए भी आत्मशुद्धि एवं पुण्य उपार्जन का श्रेष्ठ अवसर है। श्रावक-श्राविकाएं इस काल में तप, साधना द्वारा अपने पाप कर्मों की निर्जरा कर सद्कर्मों की ओर अग्रसर हों। कार्यक्रम का संचालन धर्मचंद नांदेचा द्वारा किया गया।



## रग्बी से बड़ी ताकत एवं टीमवर्क की भावना

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में रग्बी कोच उदय जायसवाल द्वारा विद्यार्थियों को रग्बी के गुण सिखाए गए। जायसवाल द्वारा विद्यार्थियों को सिखाने के साथ जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर टीम के लिए विद्यार्थियों का चयन भी किया गया।** विद्यालय के निदेशक राहुल पंडया, शैक्षणिक निदेशिका सरोज वागले, सीसीओ राखी मेहता, उप-प्राचार्य पल्लवी दिवाकर एवं स्पोर्ट्स कोच मुकुंद झाला ने शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकगणों ने भी उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। खेल प्रशिक्षक शीतल राजावत ने बताया कि रग्बी एक ऐसा खेल है जो मध्य प्रदेश सहित भारत के कई राज्यों में खेला जाता है। मध्य प्रदेश रग्बी टीम तीनों ही स्तर पर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराती आई है। हाल ही में मुंबई में आयोजित आरपीएल में पूरे विश्व से कई सारे देश सहभागी बने।

शहादत | अतिथियों का स्वागत पौधा व स्मृति चिन्ह भेंट किया

# मप्र जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस स्वैच्छिकता पर्व के रूप में मनाया




नवभारत न्यूज

**उज्जैन। मप्र जन अभियान परिषद स्थापना दिवस 4 जुलाई को स्वैच्छिकता पर्व के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश टटवाल महापौर, विशिष्ट अतिथि सतीश सोलंकी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्त जन कल्याण विभाग रहे। अतिथियों का स्वागत पौधा व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन व परिषद की अवधारणा, कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियां पीपीटी के माध्यम से जिला समन्व्यक जय दीक्षित ने किया। परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर राज्य मंत्रीदर्जा का वीडियो संदेश एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के संदेश का वाचन विकासखंड समन्वयक मोहनसिंह परिहार ने किया। डॉ. राजेश रावल सुशील मालवीय भाषा के कवि द्वारा जल संरक्षण पर आधारित कविता का पाठ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि मप्र जन अभियान परिषद स्वैच्छिकता, स्वालंबन एवं शासन व समाज के मध्य सेतू का कार्य कर रही है। शासन के विकास मॉडल में परिषद विभिन्न योजनाओं में भागीदारी कर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। सतीश सोलंकी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्त जन कल्याण विभाग ने कहा कि परिषद के स्थापना दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई। जलगंगा संवर्धन अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान में परिषद ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। आपने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं परिषद की योजनाओं का विकासखंडवार उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वैच्छिक संगठनए नवांकुर संस्थाओं, परामर्शदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में रेणुका श्रोत्रिय, नम्रता तिवारी, इंद्रेश पंवार, संदीप मालवीय, विपिन धाकड, माया उपाध्याय, जयपाल पंवार एवं मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के छात्र-छात्राएं, परामर्शदाता, नवांकुर संस्थाएं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई गई। संचालन दीपक उपाध्याय ने किया एवं आभार अरुण व्यास ने माना।